



# पुलिस के हत्थे चढ़ी झाबुआ गैंग

## सनसनीखेज डकैती का पर्दाफाश : 71 .5 लाख की लूट सामग्री बरामद

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** पुलिस ने गत दिनों पुनासा में हुई सनसनीखेज डकैती का पर्दाफाश करते हुए एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। घटना 9 जनवरी की है, जिसमें शाम को पुनासा के कृष्णा ज्वेलर्स पर हुई इस वारदात ने पूरे निमाड़ अंचल को हिलाकर रख दिया था। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय के निर्देशन में पुलिस ने न केवल 71.5 लाख रुपये की लूट की सामग्री (जेवरात व नकदी) बरामद की है, बल्कि अंतर्राज्यीय %झाबुआ गैंग% के तीन शातिर डकैतों को भी धर दबोचा है।

घटना के बाद पुलिस के पास सुराग के नाम पर केवल चश्मदीदों के बयान थे। जांच में सबसे अहम कड़ी तब मिली, जब गवाहों ने बताया कि फायरिंग करने वाला मुख्य आरोपी चलते समय लंगड़ाता है और उसकी उम्र 40-45 वर्ष के बीच है। इसी लंगड़ाहट और हुलिए के आधार पर पुलिस ने




स्केच तैयार किए और तफ्तीश की दिशा तय की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जबलपुर, मंडला और आसपास सक्रिय 12 संगठित गिरोहों की कुंडली खंगाली। जांच की सुई अंततः झाबुआ की सकरिया रतन गैंग पर आकर रुकी, जो घटना के वक्त अपने इलाके से गायब थी। पुलिस ने मुखबिर तंत्र का इस्तेमाल करते हुए झाबुआ के बीहड़ों में डेरा डाला। चूंकि आरोपियों को उनके गढ़ से पकड़ना मुश्किल था, इसलिए पुलिस ने उनके बाहर आने का इंतज़ार किया और सही मौका देखकर उन्हें घेर लिया।

**पिस्टल और 500 ग्राम सोना बरामद:** पुलिस ने झाबुआ के तीन आरोपियों सकरिया (46), रतन (45) और विनोद (34) को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से डकैती में लूटे गए 500 ग्राम सोने के आभूषण, एक 12 बोर की देशी पिस्टल, 1 लाख रुपये नकद और 3 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। कुल बरामद संपत्ति की कीमत करीब 71.5 लाख रुपये आंकी गई है।

इसे पूरे ऑपरेशन को सफल बनाने में पुलिस की तीन विशेष टीमें बनाई गई थी, जिसमें नर्मदानगर से टीआई विकास खिंची के साथ सउनि सुरेश डाबर, महेन्द्र यादव, विरेन्द्र बिसेन, सुरज पाटील, प्रआर. महेन्द्र वर्मा, जितेन्द्र राठौर राकेश अवासे और मयाराम अवासे शामिल रहे। वही पुनासा से चौकी प्रभारी राजेन्द्र सयदे। टीम में प्रआर. जितेन्द्र मंडलोई, अरविंद बालके, विक्रम वर्मा, आरक्षक अनिल जाट, नन्दलाल गुर्जर और पुरुषोत्तम शामिल रहे। इसके अलावा एसआई राजू पाटिल, प्रआर. रफीक, लोकेश मीणा, केशर सिंह, आरक्षक अनिल, बाबला, सुनिल लांडगे और रामनरेश यादव ने अहम भूमिका निभाई। ?पुलिस अधीक्षक ने पूरी टीम की पीठ थपथपाते हुए नकद इनाम की घोषणा की है। यह गिरोह आदतन अपराधी है, जिस पर म.प्र., महाराष्ट्र और गुजरात में दर्जनों मामले दर्ज हैं।

# खंडवा में 'बारूद' की बिसात, 2000 किलो विस्फोटक जब्त

## कांग्रेस नेता सिलावट और कारोबारी पारियानी का कनेक्शन उजागर!

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** मंगलवार रात्रि में खंडवा पुलिस दने शहर के रिहायशी इलाके में चल रही मौत की फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए शहर को एक बड़े संभावित हादसे से बचा लिया है। सिहाड़ा रोड स्थित सम्यक गोल्ड कॉलोनी के एक सुनसान क्लब हाउस में चल रहे इस अवैध कारोबार पर कोतवाली पुलिस ने बीती रात दबिश देकर करीब 20 लाख रुपये कीमत का 2 टन अवैध विस्फोटक और सुतली बम जब्त किया है। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद शहर के सियासी गलियारों में हड़कंप मच गया। इस काले कारोबार के तार कांग्रेस से जुड़े रसूखदारों से जुड़ते नजर आए। पुलिस सूत्रों और प्रारंभिक जांच में कांग्रेस नेता यशवंत सिलावट और पूर्व कोचिंग संचालक से पटाखा कारोबारी बने इमरान परियानी का नाम सामने आ रहा है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना प्रभारी प्रवीण आर्य अपनी टीम के साथ रात्रि गश्त पर थे, तभी मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली कि पॉश कॉलोनी के क्लब हाउस में भारी मात्रा में विस्फोटक तैयार किया जा रहा है और उसे परिवहन करने की तैयारी है। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी की, लेकिन रात के अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपी मौके से भाग निकले। जब पुलिस टीम अंदर दाखिल हुई तो वहां का नजारा देखकर दंग रह गई। कमरे में बारूद, गंधक, पोटाश और सुतली बमों का अंबार लगा था। मौके से पुलिस ने विस्फोटक से लदी एक बोलेरो पिकअप और एक स्कूटी जब्त की है। बताया जा रहा है कि इमरान पारियानी, जो पहले कोचिंग क्लास संचालित करते थे, अब इस अवैध धंधे के बड़े खिलाड़ी बन चुके हैं, वहीं कांग्रेस नेता यशवंत सिलावट का नाम इस पूरे नेटवर्क को संरक्षण देने में सामने आ रहा है। पुलिस अब जब्त वाहनों के नंबरों और कॉल डिटेल्स के जरिए इन सफेदपोशों पर शिकंजा कसने की तैयारी कर रही है।

इस बड़े रैकेट का पर्दाफाश करने में टीआई प्रवीण आर्य, एसआई मनोज दवे सहित सउनि प्रकाश ठाकरे, वीरेंद्र सिंह बिसेन, महेंद्र यादव और आरक्षक टीम की सराहनीय भूमिका रही, जिन्हें पुलिस अधीक्षक ने नकद इनाम देने की घोषणा की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।




### बारूद के ढेर पर बैठा है पूरा जिला रॉक ड्रिलिंग और डेटोनेटर का अवैध खेल, प्रशासन की चुप्पी पर सवाल।

शहर में पकड़ी गई यह फैक्ट्री तो महज एक बानगी है, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि पूरा खंडवा जिला बारूद के ढेर पर बैठा है। जिले के ग्रामीण अंचलों में माइनिंग माफिया नियमों की धज्जियां उड़ा रहा है। देशगांव, सिंगोट, दुल्हार और पंधाना जैसे क्षेत्रों में रॉक ड्रिलिंग के नाम पर भारी मात्रा में जिलेटिन रॉड्स और डेटोनेटर का अवैध भंडारण बेखौफ जारी है। ये विस्फोटक सामग्री गांवों के बीचों-बीच गोदामों और टपरियों में बिना किसी सुरक्षा मानक के रखी जा रही है। यदि समय रहते पुलिस और प्रशासन ने इन क्षेत्रों में चल रहे अवैध संग्रहण पर शिकंजा नहीं कसा, तो हरदा जैसा कोई बड़ा हादसा खंडवा में भी दोहराया जा सकता है। जरूरत है कि शहर के साथ-साथ इन ग्रामीण ठिकानों पर भी पुलिस की दबिश पड़े और अवैध विस्फोटकों के इस नेटवर्क को जड़ से खत्म किया जाए।

## नर्मदा में डूबे गुजरात के दो युवक, तलाश जारी

नवभारत न्यूज

**ओंकारेश्वर।** ओंकारेश्वर में आज सुबह एक और दर्दनाक हादसा सामने आया। गुजरात के वापी निवासी दो युवक नर्मदा नदी में स्नान के दौरान डूब गए। घटना सुबह करीब 4:30 बजे ब्रह्मपुरी घाट की बताई जा रही है, डूबने वाले युवकों की पहचान मनीष पिता डब्ल्यू. सिन्हा (22 वर्ष) एवं विवेक सिंह पिता सतीश सिंह (22 वर्ष) के रूप में हुई है। उनके साथ आए मित्र सूरज यादव ने बताया कि अंधेरा होने के कारण उन्होंने नहाने से मना किया था, लेकिन दोनों युवक नदी में उतर गए। कुछ दूरी पर गहरे पानी में चले जाने से वे डूबने लगे। घटना के समय घाट पर न तो स्थानीय लोग मौजूद थे और न ही नौका संचालन चालू था, जिससे तत्काल सहायता नहीं मिल सकी। मित्र ने घाट पर चेतावनी बोर्ड व गहराई संबंधी संकेत न होने पर सवाल उठाए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस, होम गार्ड्स, प्रशासन व बचाव दल मौके पर पहुंच गया। समाचार लिखे जाने तक दोनों युवकों का कोई सुराग नहीं लग पाया है।

## नि :शुल्क कृत्रिम हाथ शिविर 29 को इंदौर में होगा

नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि इनाली फाउंडेशन द्वारा 29 जनवरी गुरुवार को अभिनव कला समाज इंदौर में नि:शुल्क कृत्रिम हाथ शिविर लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ऐसे हितग्राही जिनके कोहनी से नीचे हाथ नहीं है, उन्हें शिविर में नि:शुल्क कृत्रिम इलेक्ट्रॉनिक हाथ लगाया जायेगा। इच्छुक हितग्राही प्रात: 9 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच शिविर में पहुंचकर लाभ ले सकते हैं।

## सीएम हेल्पलाइन शिकायतों समय पर करे निराकरण : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

खंडवा में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का समय-सीमा के भीतर और संतुष्टिपूर्ण ढंग से निराकरण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के समाधान के लिए अधिकारी अपने अधीनस्थों पर निर्भर न रहें, बल्कि स्वयं आवेदकों से बात करें। कलेक्टर ने चेतावनी दी कि शिकायतों को %नॉट अटेंड% छोड़ने या लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाएंगे और उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में आगामी वर्ष 2027 की जनगणना की तैयारियों पर भी चर्चा की गई। बताया गया कि इस बार जनगणना पूर्णत: डिजिटल माध्यम से मोबाइल ऐप द्वारा होगी, जिसकी शुरुआत मकानों की गणना से होगी। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को जनगणना कार्य हेतु अपने स्टाफ की जानकारी तत्काल भेजने के निर्देश दिए। इसके अलावा, बैठक में मनरेगा, जल जीवन मिशन और प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने %मिशन अमृत संचय% के तहत सभी शासकीय कार्यालयों और अधिकारियों के आवासों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाना अनिवार्य बताया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा और अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा पुनासा में गणतंत्र दिवस की 76वीं वर्षगांठ मनाई




नवभारत न्यूज

**पुनासा।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन की विकास खण्ड शाखा पुनासा गणतंत्र दिवस की 76वीं वर्षगांठ झंडा चौक, नर्मदा नगर में गरिमामय वातावरण में मनाई गई।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत नर्मदा नगर के सरपंच श महेश जायसवाल एवं जनपद सदस्य कु. रूपाली पारोची द्वारा झंडा चौक का पूजन किया गया। तत्पश्चात संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री प्रदीप गढ़वाल एवं सलाहकार श्री ए.एल. रायकवार द्वारा ध्वज वंदन किया गया। कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय माध्यमिक विद्यालय तथा शासकीय प्राथमिक बालक एवं कन्या विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर संगठन के संरक्षक बी सिंह, संयोजक एआर खान, तहसील अध्यक्ष सूर्यकांत शुक्ला, विकास खण्ड अध्यक्ष पीएस बीलिया सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स साथी, वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। अंत में सचिव एपी चतुर्वेदी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।



## शिवमहापुराण कथा में संस्कार, परिवार और सही दिशा का संदेश

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** रामनगर क्षेत्र में शिव शक्ति महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित शिवमहापुराण कथा में श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कथा के दौरान व्यासपीठ से कथावाचक बनवारी भाई उपमन्यु जी ने शिवङ्कपार्वती विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन करते हुए दांपत्य जीवन के आदर्शों को प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि भगवान शिव और माता पार्वती का जीवन आपसी विश्वास, त्याग, समर्पण और सम्मान का प्रतीक है, जो वर्तमान समाज के लिए मार्गदर्शक है।

प्रवचन में कहा गया कि मनुष्य को केवल धन या भौतिक सुखों के पीछे भागते हुए अपने घर, परिवार और संस्कारों को नहीं छोड़ना चाहिए। जो व्यक्ति अपनों की कद्र नहीं करता, वह जीवन की सच्ची दिशा से भटक जाता है। वक्ता ने समझाया कि यदि कोई संबंध या संगति जीवन को संकट में डाल रही हो, तो उससे दूरी बनाना ही बुद्धिमानी है। दिशा का अर्थ केवल सफलता प्राप्त करना नहीं, बल्कि सही और गलत के बीच विवेकपूर्ण निर्णय लेना भी है।

कथावाचक ने बेटियों के महत्व पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि पिता-पुत्री का रिश्ता स्नेह और सम्मान पर आधारित होता है, इसलिए बेटियों को चाहिए कि वे माता-पिता की भावनाओं का आदर करें और परिवार की मर्यादाओं का पालन करें। कथा के समापन पर भजन-कीर्तन व आरती हुई। कार्यक्रम ने उपस्थित लोगों को नैतिक मूल्यों, धर्म और संस्कारों पर चलने की प्रेरणा दी।

## मंत्री डॉ . विजय शाह ने विद्यार्थियों संग किया मध्यान्ह भोजन, ग्राम बेड़ियाव बनेगा वृन्दावन ग्राम

नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** जिले में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने ग्राम बेड़ियाव के शासकीय विद्यालय में विद्यार्थियों के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने सामूहिक लोकनृत्य प्रस्तुत किया, जबकि छात्रा कुमारी दीक्षा ने एकल नृत्य से सभी को मंत्रमुग्ध किया। मंत्री डॉ. शाह ने दीक्षा को 5 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने तथा सामूहिक नृत्य करने वाली छात्राओं को ड्रेस उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

मंत्री डॉ. शाह ने बताया कि ग्राम बेड़ियाव को वृन्दावन ग्राम के रूप में चयनित किया गया है, जिससे इसका समग्र विकास होगा। उन्होंने बताया कि ग्राम रोशनी में 20 करोड़ रुपये की लागत से आदिवासी लोक कला केंद्र तथा हरसूद एवं खालवा में 25-25 करोड़ रुपये के ऑडिटोरियम स्वीकृत किए गए हैं। विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तन्वे ने बताया कि बेड़ियाव के लिए 15 करोड़ रुपये के विकास कार्य स्वीकृत हो चुके हैं।

इस अवसर पर मंत्री डॉ. शाह एवं विधायक श्रीमती तन्वे ने जल संरक्षण हेतु भूजल रिचार्ज पिट के लिए श्रमदान भी किया। कार्यक्रम में कलेक्टर ऋषव गुप्ता, डीआईजी मनोज कुमार राय सहित अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मूदी में गणतंत्र दिवस एवं नगर गौरव दिवस हर्षोल्लास से मनाया

नवभारत न्यूज

मूदी नगर में गणतंत्र दिवस की 76वीं वर्षगांठ एवं नगर गौरव दिवस शासकीय सांदीपनि विद्यालय परिसर में भव्य रूप से मनाया गया। इस अवसर पर मांधाता विधानसभा क्षेत्र के विधायक नारायण पटेल मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सिंचाई योजनाओं की जानकारी दी तथा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया।

विधायक श्री पटेल ने कहा कि मूदी में इतने बड़े मैदान में सभी शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होना गर्व की बात है और आने वाले समय में और भी विकास कार्य किए जाएंगे।

नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती ज्योति वाला राठौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों में सकारात्मक बदलाव आ रहा है, जो सराहनीय है। उन्होंने नगर परिषद द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस एवं नगर गौरव दिवस के अंतर्गत विकास उपलब्धियों की जानकारी दी।

इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि श्री चंद्रमोहन राठौर ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया।

गणतंत्र दिवस पर मूदी की गौरवशाली वरिष्ठ महिला चिकित्सक डॉ. शांत तिर्की, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राधेश्याम देसाई, डॉ. देवेंद्र गुप्ता, डॉ. सुभाष सराफ, डॉ. आयुषी राठौर एवं डॉ. अंजलि पटेल का शाल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मान किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष ज्योति वाला राठौर ने की। विशेष अतिथि के रूप में अशोक पटेल, छगनलाल जैन, विनोद राठौर, पंकज डोंगरे, सेवकराम पटेल, डॉ. हाजी वहीद कुरैशी एवं चंद्रशेखर गुप्ता उपस्थित रहे।

सुबह सभी विद्यालयों, नगर परिषद कार्यालय एवं गांधी चौक पर झंडा वंदन, डॉ. अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं मिठाई वितरण किया गया। इसके पश्चात शासकीय सांदीपनि विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम दोपहर तक चले, जिनका समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजेंद्र सिंह चौहान ने किया एवं आभार प्रदर्शन नगर परिषद अधिकारी संजय जैन द्वारा किया गया।

## सिंगाजी थर्मल पावर में गणतंत्र दिवस गरिमामय रूप से मनाया

नवभारत न्यूज

मूदी स्थित संत सिंगाजी थर्मल पावर परियोजना के आवासीय परिसर में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। झंडा वंदन पश्चात आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अभियंता जे.सी. जूनवाल ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें हमारे अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों और जिम्मेदारियों की भी याद दिलाता है। उन्होंने बताया कि परियोजना की 2520 मेगावाट क्षमता की चारों यूनिटें विद्युत उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्पादन के नए कीर्तिमान स्थापित किए गए हैं।

पर्यावरण संरक्षण के तहत एक वर्ष में 13,350 पौधों का रोपण किया गया है। परियोजना को वर्ष 2024-25 के लिए सर्वश्रेष्ठ अग्निशमन दल का स्थाई शील्ड एवं एक लाख रुपये का पुरस्कार प्राप्त हुआ। वहीं राजेश तिवारी, आतिफ अंसारी, अभिनय प्रेमी, अजीत भार्गव, दीपक शर्मा, सर्वेश गोनागे, पंकज गढ़वाल, दिनेश विश्वकर्मा एवं अक्षय तिवारी को विशिष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया



## नगर निगम प्रांगण में गणतंत्र दिवस पर महापौर ने किया ध्वजारोहण

**शांति के प्रति गुब्बारे भी उड़ाए गए। उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों का हुआ सम्मान।**

**खंडवा।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर नगर पालिका निगम की महापौर एवं शहर की प्रथम नागरिक अमृता अमर यादव ने नगर निगम प्रागंण मे ध्वजारोहण कर, शांति एवं समृद्धि व एकता के प्रतीक तिरंगे गुब्बारों को आकाश में छोड़ा तत्पश्चात राष्ट्रगान हुआ। गणतंत्र दिवस पर निगम के आजाद भवन में हुए कार्यक्रम में महापौर ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि महापौर ने नगर निगम में उत्कृष्ट



कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सम्मान कर प्रमाण पत्र भी सौंपे। इस अवसर पर महापौर अमृता अमर यादव ने सभी उपस्थित जनों एवं शहर वासीयो को गणतंत्र दिवस की शुभकामना देते हुए कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमारे देश की आन बान शान है,यह सदैव ऊंचा रहे हम सब का कर्तव्य हें।बड़े संघर्ष के बाद हमें आजादी प्राप्त हुई है, जिसमें हमारे कई वीर जवानों की कुर्बानियां हुई है। जिस प्रकार हम अपने धार्मिक त्योहारों को उत्साह के साथ मनाते हैं उसी के अनुरूप 26 जनवरी और 15 अगस्त के राष्ट्रीय पर्व को भी हम उत्साह और उंमग के साथ मनाएं। परिषद अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा एवं अन्य उपस्थित जनो ने भी सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। राष्ट्रीय पर्व के कार्यक्रम में महापौर अमृता अमर यादव परिषद अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा निगम आयुक्त प्रियंका राजावत सेवादास पटेल, मेयर इन काउंसिल सदस्य राजेश यादव, सोमनाथ काले, सुनील जैन सहित पार्षदगण, उपायुक्त सचिन सिटोले अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे। संचालन गौरव खरे ने किया एवं निगमायुक्त प्रियंका राजावत ने आभार माना।

## मंत्री परमार ने दादाजी मंदिर में दर्शन कर नवनिर्माण कार्य का लिया जायजा

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग के मंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने मंगलवार को खंडवा स्थित श्रद्धा के प्रमुख केंद्र श्री दादाजी धूनी वाले मंदिर में दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की। मंत्री श्री परमार ने दर्शन उपरांत मंदिर परिसर में चल रहे भव्य नवनिर्माण कार्यों का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मंत्री श्री परमार ने कहा कि श्री दादाजी धाम लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है और इसके नवनिर्माण से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने निर्माण कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश संबंधित जिम्मेदारों को दिए। इस अवसर पर खंडवा विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तन्वे, मांधाता विधायक श्री नारायण पटेल, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष श्री सेवा दास पटेल, श्री धर्मेंद्र बजाज सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी जनप्रतिनिधियों ने दादाजी धाम में दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं विकास की कामना की।